आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 गुरूवार                                                                 दिनांक 08.01.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः–

1– प्रदेश में खोले जाएंगे बारह नये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र–प्रत्येक केन्द्र में एक चिकित्सा अधिकारी सहित बारह चिकित्साकर्मियों की होगी नियुक्ति।

2– बिलासपुर में आयोजित क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि जी राम जी अधिनियम ग्रामीण विकास को 'विकसित भारत' के संकल्प से जोड़ने वाली एक आधुनिक रूपरेखा है।

3– मुख्यमंत्री के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में आज हुए जनदर्शन कार्यक्रम में अट्ठारह सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

और

4– बालोद जिले के दुधली में कल से शुरू होगा राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी–विभिन्न राज्यों के रोवर–रेंजर होंगे शामिल।

..........

<u>प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–स्वीकृति</u>

प्रदेश में बारह नये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएंगे। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में एक चिकित्सा अधिकारी सहित बारह

चिकित्साकर्मी की नियुक्ति की जाएगी। इनमें ग्रामीण चिकित्सा सहायक, फार्मासिस्ट ग्रेड–टू , महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, सहायक ग्रेड–तीन, वार्ड बॉय और आया के पद शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिरमिरी के कोरिया कालरी, खड़गवां के जरौंधा, कोंडागांव के गोलावंड, बैकुंठपुर के मुरमा, कोरिया के सकरिया, राजपुर के सेवारी, दरभा के पोड़ागुड़ा और चिंतापुर, दुलदुला के करडेगा, फरसाबहार के पेटामारा और गंझियाडीह के साथ ही कुनकुरी के केराडीह में नये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि नये स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना से लोगों को ग्रामीण स्तर पर भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

<u>विकसित भारत युवा नेता संवाद</u>

---

विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करने, चुनौतियों का सामना करने और देश के भविष्य के निर्माण की रूपरेखा में योगदान देने के लिए सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में देशभर के युवा नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विकसित भारत के दृष्टिकोण पर विचार साझा करेंगे।

<u>बिलासपुर–मीडिया कार्यशाला</u>

---

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय रायपुर द्वारा आज बिलासपुर में एकदिवसीय क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन किया गया। 'विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि विकसित भारत –जी राम जी अधिनियम केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास को 'विकसित भारत' के संकल्प से जोड़ने वाली एक आधुनिक रूपरेखा है। उन्होंने कहा कि गांवों के सशक्त होने से ही विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि जी–राम–जी अधिनियम के तहत अब ग्राम पंचायतों को उनके विकास मापदंडों के आधार पर ए, बी और सी श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी सत्र का भी आयोजन किया गया।

जी राम जी–पत्रकारवार्ता

श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने आज मुंगेली में आयोजित पत्रकारवार्ता में

विकसित भारत – जी राम जी विधेयक पर पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने योजना के उद्देश्य, प्रावधानों और इसके दूरगामी प्रभावों की जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना मनरेगा की कमियों को दूर करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देने वाली है। श्री देवांगन ने बताया कि इस योजना के तहत रोजगार गारंटी को सौ दिन से बढ़ाकर एक सौ पच्चीस दिन किया गया है, जिससे मजदूरों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

जनदर्शन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में आज जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेशभर से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखीं, जिनका श्री साय ने तत्काल निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

जनदर्शन में महासमुंद जिले के बड़ेटेमरी गांव की बसंती साव को मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता योजना के तहत पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी गई। वहीं, दिव्यांगजनों को बैटरी ट्राइसिकल, व्हीलचेयर और श्रवण यंत्र प्रदान किए गए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नये वर्ष में आयोजित पहले जनदर्शन कार्यक्रम में अट्ठारह सौ से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं।

जनगणना—अधिसूचना

---

केंद्र सरकार ने जनगणना के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। जनगणना का पहला चरण इस वर्ष एक अप्रैल से शुरू होगा, जो तीस सितंबर तक चलेगा। इस चरण में घरों की गिनती की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में तीस दिन की अवधि निर्धारित होगी। गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि इस अवधि के अनुसार घरों की गिनती शुरू होने से पंद्रह दिन पहले तक लोगों को खुद भी यह जानकारी दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध होगी।

प्राध्यापक—वरिष्ठता सूची

---

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों के पदोन्नत प्राध्यापकों की अंतिम संशोधित वरिष्ठता सूची जारी कर दी है। अंतिम वरिष्ठता सूची में यदि किसी पदोन्नत प्राध्यापक को आपत्ति हो, तो वे बीस जनवरी तक निर्धारित प्रारूप में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

राष्ट्रीय–जंबूरी

छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स और गाइड्स के तत्वावधान में राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी का आयोजन कल नौ जनवरी से बालोद जिला स्थित दुधली में किया जाएगा। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की मेजबानी छत्तीसगढ़ को पहली बार मिली है। तेरह जनवरी तक चलने वाले इस जंबूरी में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग बारह से पंद्रह हजार रोवर–रेंजरों के शामिल होने की संभावना है।

बृजमोहन अग्रवाल–याचिका

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भारत स्काउट्स–गाईड की राज्य परिषद के अध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। अधिवक्ता के माध्यम से लगाई गई याचिका में उन्होंने अपने आप को अध्यक्ष पद से हटाए जाने को असंवैधानिक बताया है और न्यायालय से इस मामले में जल्द सुनवाई करने का अनुरोध किया है।

अपार आईडी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इन दिनों देशभर में विद्यार्थियों की अपार–आईडी बनाई जा रही है, जिसमें छत्तीसगढ़ ने अब तक बेहतर प्रदर्शन किया है। राज्य के संतावन हजार से अधिक स्कूलों में पढ़ रहे संतावन लाख दस हजार से अधिक विद्यार्थियों में से करीब पचास लाख इकसठ हजार विद्यार्थियों की अपार–आईडी बनाई जा चुकी है, जो लक्ष्य का अठासी प्रतिशत से अधिक है।

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने इकतीस जनवरी तक सभी विद्यार्थियों के अपार–आईडी तैयार करने के लिए निर्देश दिए हैं।

ईडी–संपत्ति अटैच

महादेव सट्टा ऐप मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने सौरभ चंद्राकर सहित पांच आरोपियों की लगभग बयानवे करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच कर ली है। इस मामले में ईडी ने अब तक चौहत्तर लोगों को आरोपी बनाया है, जिनमें से तेरह लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। कार्रवाई के दौरान ईडी ने एक सौ पचहत्तर स्थानों पर छापा मारा और अब तक छब्बीस सौ करोड़ रूपये की संपत्ति अटैच की जा चुकी है।

एमओयू

राज्य सरकार ने आवास और शहरी विकास निगम–हुडको के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में प्रमुख आवास परियोजनाओं और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वित्त पोषण की सुविधा प्रदान करना है। यह समझौता हुडको द्वारा राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए वित्तीय सहायता और तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए एक रूपरेखा स्थापित करेगा। हुडको एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो घरों के निर्माण या आवास और शहरी विकास कार्यक्रमों के वित्त पोषण के लिए दीर्घकालिक वित्त प्रदान करता है।

प्रगति–विशेष कार्यक्रम

भारत सरकार के प्रगति ''पोर्टल'' पर प्रादेशिक समाचार एकांश, रायपुर द्वारा तैयार किए गए विशेष कार्यक्रम का प्रसारण आज रात आठ बजे से आठ बजकर पांच मिनट तक किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र एक साथ रिले करेंगे।

आईलैंड टूरिज्म फेस्टिवल

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में आयोजित आईलैंड टूरिज्म फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ के लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय और उनके समूह ने लोकनृत्य और लोक संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसकी अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी सहित देशभर से पहुंचे अतिथियों ने सराहना की।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के संस्कृति और राजभाषा संचालनालय द्वारा अंडमान निकोबार में आयोजित लोक नृत्य महोत्सव में रिखी क्षत्रिय और उनके समूह को भेजा गया था। सोलह सदस्यीय इस समूह ने इकतीस दिसंबर तक अलग–अलग द्वीपों में अपनी प्रस्तुतियां दीं।

न्यायाधीश धमकी–न्यायालय सुरक्षा

मद्रास न्यायालय के न्यायाधीश को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद छत्तीसगढ़ के जिला न्यायालयों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बिलासपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने बताया कि धमकी मिलने के बाद जिला न्यायालयों सहित अन्य अदालतों में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। साथ ही अधिकारियों को भी तैनात किया गया है। श्री सिंह ने लोगों से

अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु पाए जाने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए और सार्वजनिक स्थलों पर लावारिस हालात में पड़े सामानों को हाथ ना लगाएं।

## मौसम

उत्तरी छत्तीसगढ़ में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बीते दो दिनों से अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान तीन से चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, मैनपाट में पारा एक दशमलव पांच डिग्री तक पहुंच गया है।

मौसम विभाग ने सरगुजा संभाग के कुछ जिलों में अगले दो दिनों तक शीतलहर चलने की चेतावनी दी है।

## संक्षिप्त समाचार

– बिलासपुर वनमंडल द्वारा रामसर साइट कोपरा जलाशय में कल नौ जनवरी को बर्ड वॉक और संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

और

– जांजगीर–चांपा की शिवरीनारायण पुलिस ने दस करोड़ रूपये से अधिक की ठगी करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में तीन आरोपियों की पहले की गिरफ्तारी हो चुकी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>